Haryana Government Gazette

EXTRAORDINARY

Published by Authority

© Govt. of Haryana

No. 153–2021/Ext.] CHANDIGARH, FRIDAY, SEPTEMBER 17, 2021 (BHADRA 26, 1943 SAKA)

हरियाणा सरकार

श्रम विभाग

अधिसूचना

दिनांक 17 सितम्बर, 2021

संख्या 02/08/2021–2 श्रम.— नियमों का निम्नलिखित प्रारूप, जिसे हरियाणा के राज्यपाल, सामान्य खण्ड अधिनियम, 1897 (1897 का केन्द्रीय अधिनियम 10), की धारा 24 के साथ पठित मजदूरी संहिता, 2019 (2019 का केन्द्रीय अधिनियम 29) की धारा 67 की उपधारा (1) द्वारा प्रदत शक्तियों का प्रयोग करते हुए बनाने का प्रस्ताव करते हैं तथा इसके द्वारा, मजदूरी संहिता, 2019 (2019 का केन्द्रीय अधिनियम 29), की धारा 67 की उप धारा (1) द्वारा यथा अपेक्षित ऐसे सभी व्यक्तियों, जिनके इससे प्रभावित होने की संभावना है, की जानकारी के लिए प्रकाशित करवाते हैं;

इसके द्वारा, नोटिस दिया जाता है राज्य सरकार नियमों के प्रारूप पर, राजपत्र में इस अधिसूचना के प्रकाशन की तिथि से 45 दिन की अवधि की समाप्ति पर या उसके बाद, ऐसे आक्षेपों तथा सुझावों, यदि कोई हों, विचार करेगी, जो **श्रम आयुक्त, हरियाणा, 30 बेज भवन, सैक्टर 17–बी, चण्डीगढ को अथवा ई–मेल** codeonwageshry@gmail.com **के माध्यम से इस प्रकार विर्निष्दिट अवधि की समाप्ति से पूर्व प्रारूप नियमों** के संबंध में किसी व्यक्ति से प्राप्त हों। आक्षेप तथा सुझाव, प्रोफार्मा के खाना (i) में व्यक्ति/संगठन का नाम पता विनिर्दिष्ट करते हुए खाना (ii) में उपान्तरित किए जाने वाले प्रस्तावित नियम या उप–नियम को विनिर्दिष्ट करते हुए और खाना (iii) में प्रतिस्थापित किए जाने वाले प्रस्तावित पुनःरीक्षित नियम या उप–नियम और इसके कारणों को विनिर्दिष्ट करते हुए, भेजने चाहिए।

अध्याय– 1

प्रारम्भिक

1. **संक्षिप्त नाम, विस्तार तथा प्रारम्भ–**

(1) ये नियम मजदूरी संहिता (हरियाणा) नियम, 2021, कहे जा सकते हैं।

(2) इन नियमों का विस्तार सम्पूर्ण हरियाणा राज्य में होगा।

(3) ये नियम राजपत्र में इनके अन्तिम प्रकाशन की तिथि के पश्चात् मजदूरी संहिता, 2019 (2019 का केन्द्रीय अधिनियम 29) के लागू होने की तिथि से प्रभावित होगें।

परिभाषाएं –

2 (1) इन नियमों में, जब तक विषय या सन्दर्भ से अन्यथा अपेक्षित न हो,–

(क) "प्राधिकारी" से अभिप्राय है, द्वारा संहिता की धारा 45 की उप–धारा (1) के अधीन राज्य सरकार द्वारा, राजपत्र में अधिसूचना नियुक्त प्राधिकारी;

(ख) "अपील प्राधिकारी" से अभिप्राय है, संहिता की धारा 49 की उप–धारा (1) के अधीन राज्य सरकार द्वारा,राजपत्र में अधिसूचना नियुक्त अपील प्राधिकारी;

(ग) "अपील" से अभिप्राय है, धारा 49 की उप–धारा (1) के अधीन की गई अपील;

(घ) "बोर्ड" से अभिप्राय है, धारा 42 की उप–धारा (4) के अधीन राज्य सरकार द्वारा गठित हरियाणा राज्य सहलाकार बोर्ड;

(ड़) "अध्यक्ष" से अभिप्राय है, बोर्ड का अध्यक्ष;

(च) "संहिता" से अभिप्राय है, मजदूरी संहिता, 2019 (2019 का केन्द्रीय अधिनियम 29);

(छ) "समिति" से अभिप्राय है, धारा 8 की उप–धारा (1) के खण्ड (क) के अधीन राज्य सरकार द्वारा गठित समिति;

(ज) "दिन" से अभिप्राय है, आधी रात से प्रारम्भ होने वाली चौबीस घण्टे की अवधि;

(झ) "प्ररूप" से अभिप्राय है, इन नियमों से संलग्न प्ररूप;

(ञ) "अत्यधिक कुशल व्यवसाय" से अभिप्राय है, कोई ऐसा व्यवसाय, जिसके निष्पादन में उतकृष्टता का विशिष्ट स्तर अपेक्षित हो और किसी पर्याप्त अवधि के लिए तीव्र तकनीकी या व्यवसायिक प्रशिक्षण या व्यवहारिक व्यवसायिक अनुभव के माध्यम से अर्जित सक्षमता अपेक्षित हो और ऐसे व्यवसाय के निष्पादन के सम्बन्ध में उसके न्यायनिर्णय या निर्णय के लिए सम्पूर्ण उतरदायित्व धारण करने वाला कार्य धारण आवश्यक हो;

(ट) "निरीक्षक–सह–सुविधाप्रदाता" से अभिप्राय है, धारा 51 की उप–धारा (1) के अधीन राज्य सरकार द्वारा राजपत्र में, अधिसूचना द्वारा नियुक्त कोई व्यक्ति;

(ठ) "सदस्य" से अभिप्राय है, बोर्ड का कोई सदस्य और इसमें इसका अध्यक्ष भी शामिल है;

(ड) "महानगरीय क्षेत्र" से अभिप्राय है, वह सम्बद्ध क्षेत्र, जिसकी जनसंख्या चालीस लाख अथवा से अधिक है, जिसमें एक या से अधिक जिले शामिल हैं;

(ढ) "गैर–महानगरीय क्षेत्र" से अभिप्राय है, वह सम्बद्ध क्षेत्र, जिसकी जनसंख्या दस लाख से अधिक किन्तु चालीस लाख से कम हो, जिसमें एक या से अधिक जिले शामिल हैं;

(ण) "जनसंख्या" से अभिप्राय है, ऐसी जनसंख्या, जो अन्तिम पूर्वगामी जनगणना में निर्धारित की गई है और सुसंगत आंकड़े प्रकाशित किए गए हैं;

(त) "पंजीकृत ट्रेड यूनियन" से अभिप्राय है, व्यवसाय संघ अधिनियम, (1926 का केन्द्रीय अधिनियम 16) अथवा औद्योगिक सम्बन्ध संहिता, 2020 (2020 का केन्द्रीय अधिनियम 35) के अधीन पंजीकृत कोई ट्रेड यूनियन;

(थ) "ग्रामीण क्षेत्र" से अभिप्राय है, ऐसा क्षेत्र, जो महानगरीय क्षेत्र अथवा गैर–महानगरीय क्षेत्र न हो;

(द) "अनुसूची" से अभिप्राय है, इन नियमों से संलग्न अनुसूची;

(ध) "अर्ध कुशल व्यवसाय" से अभिप्राय है, ऐसा व्यवसाय, जिसमें इसके निष्पादन में जॉब अनुभव द्वारा प्राप्त कौशल का उपयोग अपेक्षित हो, जो किसी कुशल कर्मचारी के पर्यवेक्षण अथवा मार्गदर्शन में उपयोग किए जाने में समर्थ हो और इसमें अकुशल व्यवसाय का पर्यवेक्षण भी शामिल है;

(न) "कुशल व्यवसाय" से अभिप्राय है, ऐसा व्यवसाय, जिसमें उसके निष्पादन में जॉब अनुभव के माध्यम से अथवा तकनीकी या व्यावसायिक संस्थान में प्रशिक्षु के रूप में प्रशिक्षण के माध्यम से कुशलता और सक्षमता आवश्यक हो और जिसके निष्पादन में पहल करने और विवेक की आवश्यकता हो;

(प) "राज्य सरकार" से अभिप्राय है, प्रशासनिक विभाग में हरियाणा राज्य की सरकार;

(फ) "अकुशल व्यवसाय" से अभिप्राय है, ऐसा व्यवसाय, जिसमें इसके निष्पादन में सामान्यतः संचालन अनुभव के उपयोग की आवश्यकता हो और इसमें कोई विशेष कौशल शामिल न हो;

(2) इन नियमों में प्रयुक्त किन्तु अपरिभाषित तथा संहिता में परिभाषित शब्दों तथा अभिव्यक्तियों के वही अर्थ होंगे जो उन्हें क्रमशः संहिता में दिए गए हैं।

अध्याय–2

न्यूनतम मजदूरी

मजदूरी की न्यूनतम दर की गणना करने की रीति

3. (1) धारा 6 की उप–धारा (5) के प्रयोजनों हेतु, मजदूरी की न्यूनतम दर निम्नलिखित मानदण्डों को ध्यान में रखते हुए दैनिक आधार पर नियत की जाएगी:–

(i) मानक श्रमिक वर्ग परिवार, जिसमें कमाने वाले कर्मकार के अलावा उसकी पत्नी या उसका पति और दो बच्चे शामिल होंगे, जो तीन व्यस्क उपयोग इकाईयों के समान हैं;

(ii) प्रति उपभोग इकाई हेतु प्रतिदिन 2700 कैलोरी का शुद्ध उपभोग;

(iii) प्रति मानक श्रमिक वर्ग परिवार के लिए प्रति वर्ष 66 मीटर कपड़ा;

(iv) आवासीय किराया व्यय, भोजन और वस्त्र व्यय का 10 प्रतिशत;

(v) ईधन, बिजली और अन्य मदों का व्यय; न्यूनतम मजदूरी का 20 प्रतिशत;

(vi) बच्चों की शिक्षा, चिकित्सीय आवश्यकताओं, मनोरंजन औार अन्य आकस्मिक व्यय, न्यूनतम मजदूरी का 25 प्रतिशत।

(2) जब एक दिन के लिए मजदूरी नियत की जाती है, तो ऐसी राशि को एक घण्टे की मजदूरी की दर नियत करने के लिए आठ से भाग किया जाएगा और एक मास की मजदूरी की दर नियत करने के लिए छब्बीस से गुणा किया जाएगा और ऐसे भाग और गुणा के आधे या आधे से अधिक गुणनखंड को अगले अंक में पूर्णांकित किया जाएगा और आधे से कम गुणनखंड को नजर अंदाज किया जाएगा।

मजदूरी की न्यूनतम दर के नियतन हेतु मानदण्ड

4. (1) धारा 6 के अधीन मजदूरी की न्यूनतम दर नियत करते समय, राज्य सरकार, सम्बन्धित भौगोलिक क्षेत्र को तीन प्रवर्गो अर्थात् महानगरीय क्षेत्र, गैर–महानगरीय क्षेत्र तथा ग्रामीण क्षेत्र में विभाजित करेगी।

(2) राज्य सरकार, कौशल वर्गीकरण के सम्बन्ध में राज्य सरकार को सलाह देने के प्रयोजन के लिए तकनीकी समिति का गठन करेगी, जो निम्नलिखित सदस्यों से मिलकर बनेगी, अर्थात्:–

(i)	प्रशासकीय सचिव, श्रम :	अध्यक्ष
(ii)	श्रम आयुक्त, हरियाणा :	सदस्य सचिव
(iii)	कौशल विकास मिशन, हरियाणा सरकार से एक प्रतिनिधि	सदस्य
(iv)	महानिदेश, रोजगार विभाग, हरियाणा	सदस्य
(v)	वित्त विभाग, हरियाणा से एक प्रतिनिधि;	सदस्य
(vi)	राज्य सरकार द्वारा मजदूरी निर्धारण क्षेत्र से मनोनीत दो तकनिकी विशेषज्ञ	सदस्य
(vii)	आर्थिक एवं सांख्याकी सलाहकार, योजना विभाग, हरियाणा	सदस्य

(3) राज्य सरकार, उक्त उप–नियम (2) में निर्दिष्ट तकनीकी समिति की सलाह पर, कर्मचारियों के व्यवसाय को अनुसूची ड. में विनिर्दिष्ट ऐसे व्यवसाय के वर्गीकरण में किसी प्रविष्टि को उपान्तरित करते हुए या हटाते हुए या जोड़ते हुए चार प्रवर्गों अर्थात् अकुशल, अर्ध कुशल तथा अत्यधीक कुशल में वर्गीकृत करेगी।

(4) उप–नियम (2) में निर्दिष्ट तकनीकी समिति, राज्य सरकार को सलाह देते समय, व्यवसायों की पहचान करने के लिए व्यवसाय के राष्ट्रीय वर्गीकरण अथवा राष्ट्रीय कौशल योग्यता ढांचे अथवा तत्समय बनाए जा रहे अन्य समान ढांचे की सम्भव सीमा को ध्यान में रखेगी।

महंगाई भत्ते के पुनरीक्षण के लिए समय अन्तराल

5. प्रयास इस प्रकार किया जाएगा कि निर्वाह भत्ते की लागत और रियायती दर पर आवश्यक वस्तुओं के सम्बन्ध में रियायत के नकद मूल्य की गणना, न्यूनतम मजदूरी पर कर्मचारियों को भूगतानयोग्य मंहगाई भत्ते के पुनरीक्षण के लिए प्रति वर्ष एक बार प्रथम अप्रैल से पूर्व और फिर प्रथम अक्तूबर से पूर्व की जाएगी।

सामान्य कार्य दिवस के निर्धारण हेतु कार्य घण्टों की संख्या

6. (1) धारा 13 की उप–धारा (1) के खण्ड (क) के अधीन सामान्य कार्य दिवस में आठ कार्य घण्टे और विश्राम, जो एक घण्टे से अधिक का नहीं होगा को एक या अधिक अन्तराल शामिल होंगे।

(2) किसी कर्मचारी के कार्य दिवस को इस प्रकार व्यवस्थित किया जाएगा कि विश्राम, यदि कोई हो, को शामिल करते हुए किसी भी दिन बारह घण्टे से अधिक नहीं हो।

(3) कृषि रोजगार में नियोजित किसी कर्मचारी के मामले में, उप–नियम (1) तथा (2) के उपबन्ध, ऐसे उपान्तरणों, जो राज्य सरकार द्वारा, समय–समय पर, निर्धारित किए जाए, के अध्यधीन होंगे।

(4) इस नियम की कोई भी बात, व्यवसायिक सुरक्षा, स्वास्थ्य और कार्य शर्तें संहिता, 2020 (2020 का केन्द्रीय अधिनियम 37) के उपबन्धों को प्रभावित करने वाली नहीं समझी जाएगी।

विश्राम का साप्ताहिक दिवस

7. (1) इस नियम के उपबन्धों के अध्यधीन, कर्मचारी को प्रत्येक सप्ताह में एक दिन का विश्राम दिया जाएगा (जिसे, इसमें, इसके बाद विश्राम दिवस के रूप में विर्दिष्ट किया गया है), जो सामान्य रूप से रविवार होगा, किन्तु नियोक्ता, किसी कर्मचारी या कर्मचारियों की श्रेणी के लिए विश्राम दिवस के रूप में सप्ताह के किसी अन्य दिन को नियत कर सकता है:

परन्तु कर्मचारी इस उप–नियम के अधीन विश्राम दिवस के रूप में हकदार होगा, यदि उसने कम से कम छह दिवस की निरन्तर अवधि के लिए उसी नियोक्ता के अधीन कार्य किया है:

परन्तु यह और कि कर्मचारी को विश्राम दिवस के रूप नियत दिन और विश्राम दिवस में किसी पश्चात्वर्ती परिवर्तन की सूचना, परिवर्तन प्रभावित होने से पूर्व इस आशय का नोटिस नियोजन के स्थान पर इस निमित विनिर्दिष्ट स्थान पर प्रदर्शित करते हुए दी जाएगी।

व्याख्याः– इस उप–नियम के प्रथम परन्तु में विनिर्दिष्ट कम से कम छह दिन की निरन्तर अवधि की गणना करने के प्रयोजन हेतु, किसी कर्मचारी को कार्य करने के लिए उपस्थित होने वाले दिन, लेकिन उसे उपस्थिति के लिए केवल भत्ता दिया जाता है और उसे कार्य नहीं दिया जाता है, औद्योगिक सम्बन्ध संहिता, 2020 (2020 का केन्द्रीय अधिनियम 37) के अधीन प्रतिकर के भुगतान पर किसी कर्मचारी को कार्यबन्दी पर रखने वाले दिन, और विश्राम दिवस से तुरन्त पूर्व छह दिन की अवधि में नियोक्ता द्वारा सवेतन या वेतन रहित प्रदान की गई कोई छूट्टी या अवकाश को उस दिन के रूप में माना जाएगा, जिस दिन कर्मचारी के कार्य किया है।

(2) किसी भी कर्मचारी से तब तक विश्राम दिवस पर कार्य करने की अपेक्षा नहीं की जाएगी अथवा कार्य करने की अनूमति नहीं दी जाएगी जब तक उसने विश्राम दिवस से तुरन्त पूर्व अथवा बाद में पांच दिन में से किसी एक पूरे दिन का प्रतिस्थापित विश्राम दिवस नहीं लिया है अथवा लेगाः

परन्तु ऐसा कोई भी प्रतिस्थापन नहीं किया जाएगा, जिसके परिणामस्वरूप कर्मचारी को किसी पूरे दिन के लिए विश्राम दिवस के बिना लगातार दस दिन से अधिक कार्य करना पड़े।

(3) जहाँ इस नियम के पूर्ववर्ती उपबन्धों के अनुसार, कोई कर्मचारी विश्राम दिवस को कार्य करता है और विश्राम दिवस से पूर्व या बाद में पांच दिन में किसी भी एक दिन प्रतिस्थापित विश्राम दिवस दिया जाता है, तो विश्राम दिवस, साप्ताहिक कार्य घण्टों की गणना के प्रयोजन के लिए उस सप्ताह में शामिल किया जाएगा, जिसमें प्रतिस्थापना विश्राम दिवस आया है।

(4) कर्मचारी को–

(क) विश्राम दिवस के लिए अगले पूर्ववर्ती दिन के लिए लागू दर पर संगणित मजदूरी दी जाएगी; तथा

(ख) जहाँ वह विश्राम दिवस को कार्य करता है और उसे प्रतिस्थापित विश्राम दिवस दिया गया है, तो विश्राम दिवस, जिसको उसने कार्य किया है, के लिए सयमोपरि दर पर मजदूरी और प्रतिस्थापित विश्राम दिवस के लिए आगामी पूर्ववर्ती दिन के लिए लागू दर पर मजदूरी का भूगतान किया जाएगाः

परन्तु जहां–

(i) संहिता के अधीन यथा अधिसूचित कर्मचारी की मजदूरी की न्यूनतम दर, मजदूरी की न्यूनतम मानसिक दर को छब्बीस से भाग करके निकाली गई है; अथवा

(ii) कर्मचारी की मजदूरी की वास्तविक दैनिक दर, मजदूरी की मासिक दर को छब्बीस से भाग करके निकाली गई है और ऐसी मजदूरी की वास्तविक दैनिक दर, कर्मचारी की अधिसूचित न्यूनतम दैनिक दर से कम नहीं है, तो विश्राम दिवस के लिए किसी मजदूरी का भुगतान नहीं किया जाएगा ; और

(iii) कर्मचारी ने विश्राम दिवस को कार्य किया है और उसे प्रतिस्थापित विश्राम दिवस दिया गया है, तब उसे केवल उसी विश्राम दिवस, जिस दिन को उसने कार्य किया है, के लिए समयोपरि दर पर उसे भुगतानयोग्य मजदूरी के बराबर राशि का भुगतान किया जाएगा; और यदि कोई विवाद उत्पन्न होता है कि क्या इस परन्तुक के उपबन्धों के अनुसार मजदूरी की दैनिक दर निकाली गई है, तो राज्य सरकार द्वारा अधिसूचित न्यायिक कल्प प्राधिकारी, इस संबंध में उन्हें किए गए आवेदन पर, संबंधित पक्षकारों को अपने लिखित अभ्यावेदनों के लिए अवसर देने के पश्चात् उसका निर्णय करेगा।

परन्तु यह और कि यदि कोई कर्मचारी मात्रानुपाती दर प्रणाली से शासित होता है, तो विश्राम दिवस, अथवा प्रतिस्थापित विश्राम दिवस, जैसी भी स्थिति हो, के लिए मजदूरी ऐसी होगी, जिसे राज्य सरकार उस रोजगार के संबंध में संहिता के अधीन नियत मजदूरी की न्यूनतम दर को ध्यान में रखते हुए, समय–समय पर, निर्धारित किया जाए।

व्याख्या.– इस उप–नियम में 'आगामी पूर्ववर्ती दिन' से अभिप्राय है, वह अंतिम दिन है, जिस दिन कर्मचारी ने काम किया है, जो विश्राम दिवस या प्रतिस्थापित विश्राम दिवस, जैसी भी स्थिति हो, से पूर्व आता है; और जहां प्रतिस्थापित विश्राम दिवस, विश्राम दिवस के तुरंत अगले दिन आता है, तब अगला पूर्ववर्ती दिन से अभिप्राय है, वह अंतिम दिन, जिस दिन कर्मचारी ने काम किया है और जो विश्राम दिवस के पहले था।

(5) इस नियम के उपबन्ध, अधिक अनुकूल शर्तों के प्रतिकूल प्रभाव, यदि कोई हो, नहीं होंगे, जिसके लिए कर्मचारी किसी अन्य विधि के अधीन अथवा किसी पंचाट, अनुबंध अथवा सेवा की संविदा की शर्त के अधीन हकदार हो सकता है, और ऐसे मामले में, कर्मचारी केवल पूर्वकथित अधिक अनुकूल शर्तों का हकदार होगा।

व्याख्या.– इस नियम के प्रयोजनार्थ, 'सप्ताह' से अभिप्राय है, शनिवार रात्रि की अर्ध रात्रि से शुरू होकर सात दिन की अवधि।

रात्रि पाली

8. जहां पर कोई कर्मचारी नियोजन के दौरान पाली में कार्य करता है, जो अर्ध रात्रि के पश्चात् भी चलती है, तब,–

(क) नियम 7 के प्रयोजनार्थ पूरे दिन के लिए विश्राम दिवस से अभिप्राय है, इस मामले में, उसकी पाली समाप्त होने के समय से शुरू होकर लगातार चौबीस घंटे की अवधि; और

(ख) ऐसे मामले में अगला दिन, ऐसी पाली के समाप्त होने के समय से शुरू होकर चौबीस घंटे की अवधि का होगा, और अर्ध रात्रि के बाद के घंटों, जिसके दौरान ऐसे कर्मचारी ने काम किया है, के पूर्व दिवस में गिना जाएगा।

धारा 13 की उप–धारा (2) के प्रयोजनार्थ सीमा तथा शर्तें

9. यदि कर्मचारी–

(क) आपातस्थिति में कार्यरत है, जिसका पूर्वानुमान नहीं किया जा सकता था या उसे रोका नहीं सकता था ;

(ख) प्रारम्भिक या पूरक प्रकृति के कार्यों में लगा हुआ है, जिसे अनिवार्य रूप से संबंधित रोजगार में सामान्य कार्य के लिए निर्धारित बाहरी सीमाओं पर कराया जाना चाहिए ;

(ग) जिसका रोजगार अनिवार्य रूप से अनिरंतर है ;

(घ) ऐसे कार्य में लगा हुआ है, जिसके लिए तकनीकी कारणों से डयूटी समाप्त होने से पूर्व किया जाना है; और

(ड.) ऐसे कार्य में लगा हुआ है, जिसे प्राकृतिक शक्तियों की अनियमित क्रिया पर कभी–कभी निर्भर होने के सिवाय नहीं किया जा सकता था,

तो तब नियम 6, 7 और 8 के उपबन्ध इस शर्त के अध्यधीन लागू होंगे कि–

(i) कर्मचारी के कार्य घंटों का समय–विस्तार किसी भी दिन में सौलह घंटों से अधिक नहीं होगा; और

(ii) विश्राम के अंतराल को निकालते हुए वास्तविक कार्य घंटे और निष्क्रियता की अवधि, जिसके दौरान कर्मचारी डयूटी पर हो सकता है, लेकिन उससे शारीरिक गतिविधि करने या नियमित उपस्थिति के लिए नहीं कहा जाता है, किसी भी दिन में नौ घंटे से अधिक नहीं होगी।

लम्बी मजदूरी अवधि

10. धारा 14 के अधीन मजदूरी की न्यूनतम दर के प्रयोजनार्थ लम्बी मजदूरी अवधि एक मास होगी।

धारा 10 के परन्तुक के खण्ड (ii) के अधीन परिस्थितियां

11. कोई भी कर्मचारी, धारा 10 के अधीन पूर्ण सामान्य कार्य दिवस के लिए मजदूरी प्राप्त करने का हकदार नहीं होगा यदि वह तत्समय लागू किसी अन्य विधि के अधीन ऐसी मजदूरी का हकदार नहीं है।

अध्याय 3

मजदूरी का भुगतान

धारा 18 की उप–धारा (4) के अधीन वसूली

12. जहां धारा 18 की उप–धारा (2) के अधीन प्राधिकृत कुल कटौतियां, कर्मचारी की मजदूरी के पचास प्रतिशत से अधिक हैं, तो अधिकता को अग्रेनीत किया जाएगा और उत्तरवर्ती मजदूरी अवधि या अवधियों, जैसी भी स्थिति हो, से ऐसी किस्तों में वसूल की जाएगी ताकि किसी भी मास में वसूली उस मास में कर्मचारी की मजदूरी से पचास प्रतिशत से अधिक न हो।

धारा 19 की उप–धारा (1) के अधीन प्राधिकारी की नियुक्ति

13. सम्बन्धित उप श्रम आयुक्त, धारा 19 की उप–धारा (1) के प्रयोजनार्थविहित प्राधिकारी होगा।

धारा 19 की उप–धारा (2) के अधीन नोटिस प्रदर्शित करने की रीति

14. धारा 19 की उप–धारा (2) में निर्दिष्ट नोटिस को कार्य स्थल के परिसर में, जहां पर रोजगार किया जाता है, प्रमुख स्थलों पर प्रदर्शित किया जाएगा, ताकि प्रत्येक संबंधित कर्मचारी नोटिस की विषय–वस्तु को आसानी से पढ़ सके और नोटिस की एक प्रति क्षेत्राधिकार रखने वाले उस क्षेत्र के निरीक्षक–सह–सुविधाप्रदाता को भी भेजी जाएगी।

धारा 19 की उप–धारा (3) के अधीन प्रक्रिया

15. नियोक्ता, उपरोक्त नियम 13 में निर्दिष्ट प्राधिकारी को जुर्माना लगाने की स्वीकृति प्राप्त करने के लिए उसमें विस्तृत विवरण विनिर्दिष्ट करते हुए लिखित रूप में सूचना देगा, जो स्वीकृति को प्रदान या इंकार करने से पहले संबंधित कर्मचारी और नियोक्ता को सुनने का अवसर प्रदान करेगा।

कटौती की सूचना

16. (1) जहां नियोक्ता धारा 20 की उप–धारा (2) के उपबन्ध के अनुसरण में कोई कटौती करता है, तब वह ऐसी कटौती की सूचना ऐसी कटौती के कारण स्पष्ट करते हुए ऐसी कटौती की तिथि से दस दिन के भीतर अधिकारिता रखने वाले निरीक्षक–सह–सुविधाप्रदाता को देगा।

(2) निरीक्षक–सह–सुविधाप्रदाता, उप–नियम (1) के अधीन ऐसी सूचना प्राप्त होने के पश्चात्, ऐसी सूचना की जांच करेगा और यदि वह यह पाता है कि उसमें दिए गया स्पष्टीकरण, संहिता या उसके अधीन बनाए गए नियम के उपबन्धों के उल्लंघन में है, तो वह नियोक्ता को अवैध कटौती करने बारे नोटिस जारी करेगा और नोटिस की अनुपालना करने का निर्देश देगा, अनुपालना नहीं करने के मामले में, वह नियोक्ता को अवसर प्रदान करने के बाद उसके विरूद्व संहिता के अधीन उचित कार्यवाही प्रारम्भ करेगा।

धारा 21 की उप–धारा (2) के अधीन कटौती की प्रक्रिया

17. यदि कोई नियोक्ता किसी कर्मचारी के वेतन से धारा 21 की उप–धारा (1) के अधीन नुकसान अथवा हानि के लिए कटौती करना चाहता है, तो वह प्ररूप । में,–

(i) कर्मचारी को विशिष्ट रूप में उसकी अभिरक्षा के लिए उसे सौपें गए सामान के नुकसान अथवा हानि अथवा धन के नुकसान के लिए, जिसके लिए वह उत्तरदायी है तथा किस प्रकार से ऐसे नुकसान अथवा हानि के लिए प्रत्यक्ष रूप से उस कर्मचारी की उदासीनता अथवा चुक उत्तरदायी है, के बारे में व्यक्तिगत रूप से तथा लिखित में कर्मचारी को स्पष्ट करेगा ; और

(ii) तत्पश्चात्, कर्मचारी को स्पष्टीकरण देने का अवसर देगा तथा किसी नुकसान अथवा हानि के लिए, यदि कोई कटौती की जाती है, तो ऐसी कटौती करने की तिथि से पन्द्रह दिन के भीतर इसकी सूचना कर्मचारी को दी जाएगी।

धारा 23 के अधीन अग्रिम वसूली के संबंध में शर्तें

18. (i) धारा 23 के खण्ड (ख) के अधीन नियोजन प्रारम्भ होने के पश्चात् किसी कर्मचारी को दिए गए अग्रिम धन की वसूली ; अथवा

(ii) किसी कर्मचारी को मजदूरी का अग्रिम, जो उसने धारा 23 के खण्ड (ग) के अधीन अर्जित नहीं किया है, की वसूली, जैसी भी स्थिति हो, नियोक्ता द्वारा निर्धारित किश्तों में संबंधित कर्मचारी की मजदूरी में से नियोक्ता द्वारा की जाएगी, ताकि कोई एक किश्त अथवा सभी किश्तें उस मजदूरी अवधि में कर्मचारी की मजदूरी के पचास प्रतिशत से अधिक नहीं होंगी तथा ऐसी वसूली का विवरण प्ररूप –। में रखे रजिस्टर में दर्ज किया जाएगा।

धारा 24 के अधीन ऋण की वसूली की काटौती

19. राज्य सरकार द्वारा अनुमोदित भवन निर्माण अथवा अन्य प्रयोजनों के लिए प्रदान किए गए ऋणों और उन पर देय ब्याज की वसूली हेतु कटौतियां, ऐसे ऋणों को प्रदान करने की सीमा तथा इन पर भुगतानयोग्य ब्याज दर को विनियमित करने वाले समय–समय पर राज्य सराकर द्वारा दिए गए निदेश अथवा जारी परिपत्र के अध्यधीन होंगी।

अध्याय 4

बोनस का भुगतान

धारा 26 के अधीन छठे लेखा वर्ष को चालू अथवा बन्द करने की गणना

20. छठे लेखा वर्ष को चालू या बन्द, जैसा भी स्थिति हो, करने की गणना, धारा 26 की उप–धारा (7) के खण्ड (प) के अधीन अनुसूची 'क' में वर्णित रीति में पांचवे तथा छठे लेखा वर्ष के चाल या बन्द होने से संबंधित आबंटनयोग्य सरप्लस की अधिकता अथवा कमी, यदि कोई हो, जैसी भी स्थिति हो, को ध्यान में रखते हुए की जाएगी।

सातवें लेखा वर्ष को चालू या बन्द करने की गणना

21. सातवें लेखा वर्ष को चालू या बन्द, जैसी भी स्थिति हो, करने की गणना, धारा 26 की उप–धारा (7) के खण्ड (पप) के अधीन अनुसूची 'क' में वर्णित रीति में पांचवे, छठे और सातवें लेखा वर्ष के चालू या बन्द होने से संबंधित आबंटनयोग्य सरप्लस की अधिकता अथवा कमी, यदि कोई हो, जैसी भी स्थिति हो, को ध्यान में रखते हुए की जाएगी।

धारा 32 के खण्ड (क) के अधीन सकल लाभों की संगणना

22. किसी नियोक्ता द्वारा किसी प्रतिष्ठान से लेखा वर्ष के संबंध में प्राप्त किए गए सकल लाभों की संगणना बैंकिंग कम्पनी के मामले में अनुसूची 'ख' में विनिर्दिष्ट रीति में की जाएगी।

धारा 32 के खण्ड (क) के अधीन सकल लाभों की संगणना

23. किसी नियोक्ता द्वारा किसी प्रतिष्ठान से लेखा वर्ष के संबंध में प्राप्त किए गए सकल लाभों की संगणना बैंकिंग कम्पनी से भिन्न मामले में अनुसूची 'ग' में विनिर्दिष्ट रीति में की जाएगी।

धारा 34 के खण्ड (ग) के अधीन अतिरिक्त राशियों की कटौती

24. नियोक्ता के संबंध में अनुसूची 'घ' में विनिर्दिष्ट अतिरिक्त राशियों की कटौती, धारा 34 के खण्ड (ग) के अधीन पूर्व प्रभारों के रूप में सकल लाभ से की जाएगी।

धारा 36 की उप–धारा (1) के अधीन अग्रनयन करने की रीति

25. किसी लेखा वर्ष में, जहां आबंटनयोग्य सरप्लस, धारा 26 के अधीन प्रतिष्ठान में कर्मचारियों को भुगतानयोग्य अधिकतम बोनस की राशि से अधिक हो जाता है, तो अधिक राशि, उस लेखा वर्ष में प्रतिष्ठान में नियोजित कर्मचारियों के कुल वेतन अथवा मजदूरी के बीस प्रतिशत की सीमा के अध्यधीन, को आगामी लेखा वर्ष में सेट ऑन करने के लिए अग्रनीत किया जाएगा और इस प्रकार तथा समावेशी चौथे लेखा वर्ष तक अनुसूची 'क' में वर्णित रीति में बोनस के भुगतान के प्रयोजनार्थ प्रयोग में लाई जाएगी।

धारा 36 की उप–धारा (2) के अधीन अग्रनयन करने की रीति

26. जहां किसी लेखा वर्ष में, कोई सरप्लस उपलब्ध नहीं है अथवा उस वर्ष में आबंटनयोग्य सरप्लस, धारा 26 के अधीन प्रतिष्ठान में कर्मचारियों को भुगतानयोग्य न्यूनतम बोनस की राशि से कम पड़ता है, तथा नियम 25 के अधीन अग्रेनीत कोई राशि अथवा पर्याप्त राशि नहीं है तथा सेट ऑन नहीं है, जिसे न्यूनतम बोनस के भुगतान के प्रयोजनार्थ प्रयोग किया जा सकता है, तो वहां, ऐसी न्यूनतम राशि अथवा कमी, जैसी भी स्थिति हो, को आगामी लेखा वर्ष में सेट ऑन करने के लिए अग्रनीत किया जाएगा और इस प्रकार तथा समावेशी चौथे लेखा वर्ष तक अनुसूची 'क' में वर्णित रीति में बोनस के भुगतान के प्रयोजनार्थ प्रयोग में लाई जाएगी।

अध्याय 5

हरियाणा राज्य सलाहकार बोर्ड तथा अन्य समितियों के गठन की प्रक्रिया

धारा 42 की उप–धारा 4 तथा 6 के अधीन हरियाणा राज्य सलाहकार बोर्ड तथा अन्य समितियों

27. (1) राज्य सरकार के प्रतिनिधि :–

हरियाणा राज्य सलाहकार बोर्ड का गठन अध्यक्ष सहित निम्नलिखित सदस्यों से मिलकर होगा,–

(क) प्रशासकीय सचिव, हरियाणा सरकार, श्रम विभाग	अध्यक्ष
(ख) श्रम आयुक्त, हरियाणा	सदस्य सचिव
(ग) विशेष सचिव/सचिव, हरियाणा सरकार, वित्त विभाग	सदस्य
(घ) आर्थिक एवं सांख्यायिक सलाहकार, हरियाणा	सदस्य
(ड.) महानिदेशक/निदेशक, रोजगार विभाग, हरियाणा	सदस्य
(च) मजदूरी निर्धारण में राज्य सरकार द्वारा मनोनित एक तकनीकी विशेषज्ञ	सदस्य

(2) सभी आधिकारिक सदस्यों को स्वतन्त्र व्यक्तियों के रूप में समझा जाएगा।

(3) नियोक्ताओं को प्रतिनिधि।

(4) कर्मचारियों को प्रतिनिधिः

परन्तु नियोक्ताओं का प्रतिनिधित्व करने वाले सदस्यों की संख्या छह से अधिक नहीं होगी और कर्मचारियों के प्रतिनिधियों की संख्या नियोक्ताओं का प्रतिनिधित्व करने वाले सदस्यों की संख्या के बराबर होगीः

परन्तु यह और कि बोर्ड के एक तिहाई सदस्या महिलाएं होंगी।

(5) बोर्ड, धारा 42 की उप–धारा (5) के अधीन समितियों और उप–समितियों का गठन कर सकता है, जो निम्नलिखित व्यक्तियों से मिलकर बनेंगी, –

(क) नियोक्ताओं के प्रतिनिधि ;

(ख) कर्मचारियों के प्रतिनिधि, जो खण्ड (क) में विनिर्दिष्ट सदस्यों की संख्या के बराबर होंगे ; तथा

(ग) स्वतन्त्र व्यक्ति, जो समिति या उप–समिति, जैसी भी स्थिति हो, के कुल सदस्यों से एक तिहाई से अधिक न हों :

परन्तु समिति या उप–समिति के एक तिहाई सदस्य महिलाएं होंगी और बोर्ड द्वारा खण्ड (ग) में विनिर्दिष्ट सदस्यों में से एक को समिति या उप–समिति, जैसी भी स्थिति हो, के अध्यक्ष के रूप में नियुक्त किया जाएगा।

बोर्ड के अतिरिक्त कार्य

28. धारा 42 की उप–धारा (3) में विनिर्दिष्ट कार्यों के अतिरिक्त, यह बोर्ड, राज्य सरकार के संदर्भ पर, राज्य सरकार को निम्नलिखित के संबंध में न्यूनतम मजदूरी के निर्धारण से संबंधित मुद्दों पर परामर्श देगा, –

(i) श्रमजीवी पत्रकार और समाचार–पत्र कर्मचारी (सेवा की शर्तें) और प्रकीर्ण उपबंध अधिनियम, 1955 (1955 का केन्द्रीय अधिनियम 45) की धारा 2 के खण्ड (च) में यथा परिभाषित श्रमजीवी पत्रकारों ; और

(ii) विक्रय संवर्द्धन कर्मचारी (सेवा शर्तें) अधिनियम, 1976 (1976 का केन्द्रीय अधिनियम 11) की धारा 2 के खण्ड (घ) में यथा परिभाषि विक्रय संवर्द्धन कर्मचारी।

बोर्ड की बैठक

29. अध्यक्ष, नियम 31 के उपबंधों के अध्यधीन, किसी भी समय जब वह उचित समझे, बोर्ड की बैठक बुला सकता है :

परन्तु न्यूनतम आधे सदस्यों की लिखित मांग प्राप्त होने पर, अध्यक्ष ऐसी मांग प्राप्त होने की तिथि से तीस दिन के भीतर बैठक बुलाएगा।

बैठक का नोटिस

30. अध्यक्ष, प्रत्येक बैठक की तिथि, समय तथा स्थान का निर्धारण करेगा तथा उक्त ब्यौरों को शामिल करते हुए बैठक में किए जाने वाले कार्य संचालन की सूची के साथ लिखित नोटिस, ऐसी बैठक की नियत तिथि से कम–से–कम पन्द्रह दिन पहले पंजीकृत डाक और इलक्ट्रोनिक ढंग से प्रत्येक सदस्य को भेजा जाएगा :

परन्तु आकस्मिक बैठक के मामले में, प्रत्येक सदस्य को केवल सात दिन का नोटिस भी दिया जा सकता है।

अध्यक्ष के कार्य

31. अध्यक्ष,–

(i) बोर्ड की बैठकों की अध्यक्षता करेगा :

परन्तु किसी बैठक में अध्यक्ष की अनुपस्थिति में, सदस्य, अपने में से उस बैठक की अध्यक्षता करने हेतु मतों के बहुतम से सदस्य का चुनाव करेंगे ;

(ii) बोर्ड की प्रत्येक बैठक की कार्यसूची का निर्धारण करेगा ;

(iii) जहां बोर्ड की बैठक में, यदि कोई मुद्दा मतदान द्वारा निर्णीत किया जाना है, तो मतदान कराएगा तथा बैठक में गुप्त मतदान की गणना करेगा अथवा करवाएगा।

गणपूर्ति

32. किसी भी बैठक में तब तक कोई कार्य नहीं किया जाएगा जब तक न्यूनतम एक–तिहाई सदस्य तथा नियोक्ताओं और कर्मचारियों दोनों का न्यूनतम एक प्रतिनिधि उपस्थिति नहीं हो :

परन्तु यदि किसी बैठक में एक–तिहाई सदस्यों से कम सदस्य उपस्थित हैं, तो अध्यक्ष, उस बैठक को मूल बैठक की तिथि से अधिकतम सात दिन के लिए स्थगित कर सकता है तथा उपस्थित सदस्यों की संख्या पर विचार किए बिना ऐसी स्थगित बैठक में कार्य का निपटान वैध हो जाएगा :

परन्तु यह और कि ऐसी स्थगित बैठक की तिथि, समय और स्थान सभी सदस्यों को इलेक्ट्रोनिक ढंग से अथवा पंजीकृत डाक से सूचित किया जाएगा।

बोर्ड के कार्य का निपटान

33. बोर्ड के सभी कार्यों पर बोर्ड की बैठक में विचार किया जाएगा तथा उपस्थित और मतदान करने वालों सदस्यों के बहुमत से निर्णय लिया जाएगा तथा बराबर मत होने पर, अध्यक्ष का मत निर्णायक होगा :

परन्तु अध्यक्ष, यदि उचित समझें, तो निदेश दे सकता है कि किसी मामले के संबंध में निर्णय आवश्यक दस्तावेजों के परिचालन तथा सदस्यों का लिखित मत प्राप्त करके किया जाएगा :

परन्तु यह और कि पूर्ववर्ती परन्तुक के अधीन किसी मामले में कोई भी निर्णय तब तक नहीं लिया जाएगा जब तक न्यूनतम दो–तिहाई सदस्य इसका समर्थन न करें।

मतदान का ढंग

34. बोर्ड में मतदान सामान्यतः हाथ उठाकर करवाया जाएगा, किन्तु यदि कोई सदस्य बैलेट द्वारा मतदान की मांग करता है, अथवा यदि अध्यक्ष ऐसा निर्णय लेते हैं, तो अध्यक्ष द्वारा मतदान गुप्त बैलेट से यथा निर्धारित रीति में करवाया जाएगा।

बैठकों कार्यवाहियां

35. (1) बोर्ड की प्रत्येक बैठक की कार्यवाहियां, जिनमें अन्य बातों के साथ बैठक में उपस्थित सदस्यों के नाम दर्शाते हुए, बैठक के तुरन्त बाद, और किसी भी मामले में अगली बैठक से सात दिन पहले यथा सम्भव प्रत्येक सदस्य तथा राज्य सरकार को अग्रेषित की जाएंगी।

(2) बोर्ड की प्रत्येक बैठक की कार्यवाहियां, अगली बैठक में आवश्यक समझे जाने वाले संशोधनों, यदि कोई हों, के साथ पुष्टि की जाएंगी।

गवाहों को सम्मन करना और दस्तावेजों का प्रस्तुतीकरण

36. (1) अध्यक्ष, यदि अपने कर्तव्य के निवर्हन के दौरान अपेक्षित हो, तो किसी व्यक्ति को गवाह के रूप में उपस्थित होने तथा किसी व्यक्ति को कोई दस्तावेज प्रस्तुत करने के लिए सम्मन कर सकता है।

(2) प्रत्येक व्यक्ति, जिसे सम्मन जारी किया जाता है तथा जो बोर्ड के समक्ष गवाह के रूप में उपस्थित होता है, तो वह अपने द्वारा किए गए खर्च के लिए किसी सिविल न्यायालय के समक्ष उपस्थित होने वाले गवाहों को ऐसे भत्ते के भुगतान के लिए उस समय लागू स्केल के अनुसार भत्तें के लिए हकदार होगा।

समितियों का गठन

37. राज्य सरकार, धारा 8 की उप–धारा (1) के खण्ड (क) के अधीन इस खण्ड में विनिर्दिष्ट प्रयोजनों के लिए जितनी यह आवश्यक समझें उतनी समितियां गठित कर सकती है।

बोर्ड के सदस्यों का कार्यकाल

38. (1) अध्यक्ष अथवा किसी सदस्य का कार्यकाल, जैसी भी स्थिति हो, धारा 42 की उप–धारा (1) के अधीन उसकी नियुक्ति अथवा नामांकन, जैसी भी स्थिति हो, की तिथि के प्रारंभ से सामायन्तः दो वर्ष होगाः

परन्तु ऐसे अध्यक्ष अथवा सदस्य, दो वर्ष की उक्त अवधि की समाप्ति होते हुए भी, अपने उत्तराधिकारी की नियुक्ति अथवा नामांकन, जैसी भी स्थिति हो, होने तक पद पर बने रहेंगे।

(2) आकस्मिक रिक्ति को भरने के लिए नामित बोर्ड का सदस्य, जिसके स्थान पर, उसको नामित किया गया है, उस सदस्य के शेष कार्यकाल की अवधि के लिए पद पर बना रहेगा।

(3) बोर्ड के शासकीय सदस्य तब तक अपने पद पर बने रहेंगे जब तक उन्हें अन्य शासकीय सदस्य द्वारा प्रतिस्थापित नहीं किया जाता :

(4) उप–नियम (1), (2) तथा (3) में दी गई किसी बात के होते हुए भी, बोर्ड के सदस्य, राज्य सरकार के सादपर्यन्त पद धारण करेंगे।

यात्रा भत्ता

39. बोर्ड का अध्यक्ष तथा प्रत्येक सदस्य, राज्य सरकार के किसी ग्रुप क अधिकारी को लागू दर पर तथा शर्तों के अध्यधीन अपने कर्त्तव्यों के संबंध में उसके द्वारा की गई किसी यात्रा के लिए यात्रा तथा पड़ाव भत्ता प्राप्त करने के लिए हकदार होगा।

अधिकारी तथा अमला

40. राज्य सरकार, बोर्ड के कार्य संचालन के लिए बोर्ड की समिति के लिए सचिव (जो श्रम विभाग के ग्रुप क अधिकारी की पदवी से नीचे का न हो), अन्य अधिकारियों तथा कर्मचारियों, जो वह आवश्यक समझें, नियुक्त कर सकती है।

बोर्ड के सदस्यों के पुनर्नामांकन हेतु पात्रता

41. निवर्तमान सदस्य, बोर्ड की सदस्यता के लिए कुल दो कार्यकाल अवधि से अनधिक के लिए पुनर्नामांकन हेतु पात्र होगा।

बोर्ड के अध्यक्ष तथा अन्य सदस्यों का त्यागपत्र

42. (1) बोर्ड का कोई भी सदस्य, अध्यक्ष से भिन्न, अध्यक्ष को लिखित में नोटिस देते हुए अपनी सदस्यता से त्यागपत्र दे सकता है और अध्यक्ष राज्य सरकार को पत्र लिख कर त्यागपत्र दे सकता है।

(2) त्यागपत्र, इसकी स्वीकृति की सूचना की तिथि से अथवा त्यागपत्र की तिथि से तीस दिन की समाप्ति, जो भी पहले हो, से प्रभावी होगा।

(3) जब बोर्ड में कोई रिक्ति होती है अथवा सदस्यता में रिक्ति होने की संभावना होती है, तो अध्यक्ष, तत्काल इसकी सूचना राज्य सरकार को भेजेगा और राज्य सरकार संहिता के उपबन्धों के अनुसार रिक्ति को भरने के लिए उपाय करेगी।

सदस्यता का समाप्त होना

43. यदि बोर्ड का कोई सदस्य, अध्यक्ष को पूर्व सूचना दिए बिना, तीन लगातार बैठकों में अनुपस्थित रहता है, तो वह बोर्ड का सदस्य नहीं रहेगा।

अयोग्यताएं

44. (1) कोई भी व्यक्ति, निम्नलिखित कारणों से बोर्ड का सदस्य बनने और सदस्य के रूप में नामित होने के लिए अयोग्य हो जाएगा,–

(i) यदि उसे सक्षम न्यायालय द्वारा विकृतचित घोषित कर दिया जाता है ; अथवा

(ii) यदि वह अनुन्मोचित दिवालिया है ; अथवा

(iii) यदि संहिता के प्रारम्भ होने से पहले अथवा बाद में, उसे नैतिक अधमता के अपराध का दोषी ठहराया गया है।

(2) यदि कोई प्रश्न उठता है कि क्या अयोग्यता उप–नियम (1) के अधीन हुई है, तो इस पर राज्य सरकार का निर्णय अंतिम होगा।

अध्याय –6

बकायों, दावों इत्यादि का भुगतान

धारा 44 की उप–धारा (1) के खण्ड (क) के अधीन भुगतान

45. जहां संहिता के अधीन किसी कर्मचारी को भुगतानयोग्य कोई राशि, उसकी मृत्यु के बाद अथवा उसके ठिकाने का पता न होने के कारण बकाया है और भुगतान राशि के देय होने की तिथि से तीन मास की समाप्ति तक कर्मचारी के मनोन्नित को राशि भुगतान नहीं की जा सकती, तो ऐसी राशि संहिता की धारा 45 की उप–धारा (1) के अधीन नियुक्ति अधिकारिता रखने वाले प्राधिकारी के पास जमा करवाई जाएगी, जो ऐसी तिथि, जिसको इसके पास इस प्रकार राशि जमा करवाई गई है, से दो मास के भीतर कर्मचारी द्वारा मनोन्नित व्यक्ति की पहचान सुनिश्चित करने के बाद उसे राशि का वितरण करेगा।

धारा 44 की उप–धारा (1) के खण्ड (ख) के अधीन अवितरीत बकाया जमा करना

46. (1) जहां इस संहिता के अधीन किसी कर्मचारी को भुगतानयोग्य कोई राशि या तो ऐसे कर्मचारी द्वारा नामांकन नहीं करने के कारण अथवा किसी अन्य कारण से अवितरीत रह जाती है, तो ऐसी राशि, भुगतानयोग्य राशि के देय होने की तिथि से छह मास की समाप्ति तक कर्मचारी के किसी मनोन्नित को भुगतान नहीं की जा सकती, तो ऐसी सभी राशियां, संहिता की धारा 45 की उप–धारा (1) के अधीन नियुक्त अधिकारिता रखने वाले प्राधिकारी के पास उक्त छह मास की अवधि की समाप्ति के अतिंम दिन के बाद पन्द्रह दिन की अवधि की समाप्ति से पूर्व जमा करवाई जाएगी।

(2) उप–नियम (1) में निर्दिष्ट राशि, नियोक्ता द्वारा बैंक अंतरण के माध्यम से या संबंधित प्राधिकारी के पक्ष में भारत में किसी अधिसूचित बैंक से प्राप्त क्रोस डिमांड ड्राफ्ट के माध्यम से संबंधित प्राधिकारी के पास जमा करवाई जाएगी।

धारा 44 की उप–धारा (1) के खण्ड (ख) के अधीन अवितरीत बकायों के निपटान की रीति

47. (1) धारा 46 की उप–धारा (1) के अधीन नियुक्त प्राधिकारी के पास नियोक्ता द्वारा जमा करवाई गई, नियम 48 के उप–नियम (1) में निर्दिष्ट राशि, प्राधिकारी के पास रहेगी और उसे केन्द्र अथवा राज्य सरकार की प्रतिभूतियों में निवेशित किया जाएगा अथवा किसी अनुसूचित बैंक सावधि जमा के रूप में रखा जाएगा।

(2) संबंधित प्राधिकारी, राज्य सरकार से अनुमोदन प्राप्त करने के बाद, यथासंभव शीघ्रता से, नोटिस बोर्ड पर कम से कम पन्द्रह दिन के लिए राशि के संबंध में ऐसे विवरण, जो सूचना के लिए प्राप्त समझे जाए, देते हुए नोटिस प्रदर्शित करेगा और उस क्षेत्र, जिसमें अवितरित मजदूरी कमाई गई है, में सामान्य रूप से समझी जाने वाली भाषा में प्रचार के लिए किन्हीं दो सामाचार पत्रों में ऐसे नोटिस का प्रकाशन भी करवाएगा।

(3) उप–नियम (2) के उपबन्ध के अध्यधीन, ऐसा प्राधिकारी, नामित व्यक्ति अथवा उस व्यक्ति को जारी करेगा, जिसने उस राशि का दावा किया है, जैसी भी स्थिति हो, जिसके पक्ष में प्राधिकारी द्वारा, सुनवाई का अवसर प्रदान करने के पश्चात् राशि का भुगतान करने का निर्णय किया गया है और इस संबंध में विस्तृत सूचना राज्य सरकार को भेजेगा।

(4) यदि अवितरित राशि के संबंध में सात वर्ष की अवधि के दौरान कोई दावा नहीं किया जाता है, तो संबंधित प्राधिकारी उसे हरियाणा श्रम कल्याण बोर्ड के खाता में अंतरित करेगा।

अध्याय –7

दावा मामलों और अपीलों की प्रक्रिया

एकल आवेदन का प्ररूप

48. एकल आवेदन, प्ररूप–II में विनिर्दिष्ट दस्तावेजों सहित उसी प्ररूप में धारा 45 की उप–धारा (5) के अधीन दोहरी प्रति में दायर किया जा सकता है, जिसकी एक प्रति के साथ ऐसी न्यायालय फीस लगाई जाएगी, जो विहित की जाए।

प्राधिकार

49. धारा 45 के अधीन किसी कर्मचारी के निमित्त कार्य करने हेतु प्राधिकार, प्ररूप–VIII में दिया जाएगा, और आवेदन के साथ प्राधिकारी को प्रस्तुत किया जाएगा और रिकार्ड का भाग रूप होगा।

उपस्थित होने की अनुमति

50. किसी कर्मचारी या कर्मचारियों के निमित्त कार्य करने के लिए प्राधिकारी की अनुमति चाहना वाला कोई व्यक्ति, मामले में अपने हित को दर्शाते हुए संक्षिप्त लिखित कथन प्राधिकारी को प्रस्तुत करेगा और प्राधिकारी, मामलें के इनकार के लिए कथन पर आदेश लिपिबद्ध करेगा और रिकार्ड में रखेगा।

दस्तावेजों का प्रस्तुतीकरण

51. (1) आवेदन या आवदेन से सुसंगत अन्य दस्तावेज, कार्यदिवस के दौरान किसी भी समय पर प्राधिकारी को व्यक्तिगत रूप में प्रस्तुत किए जा सकते हैं, अथवा पंजीकृत डाक द्वारा प्राधिकारी को भेजे जा सकते हैं।

(2) प्राधिकारी प्रत्येक दस्तावेज पर प्रस्तुतीकरण अथवा प्राप्ति, जैसी भी स्थिति हो, की तिथि तुरन्त पृष्ठांकित करेगा अथवा पृष्ठांकित करवाएगा।

आवेदन ग्रहण करने से इनकार करना

52. (1) प्राधिकारी, आवेदक को सुनवाई का अवसर देने के बाद, उसकी संतुष्टि हो जाती है, तो निम्नलिखित कारणों को लिपिबद्ध करते हुए नियम 51 के अधीन प्रस्तुत किए गए आवेदन को ग्रहण करने से इनकार कर सकता है,–

(क) कि आवेदक, आवेदन प्रस्तुत करने के लिए हकदार नहीं है ; या

(ख) धारा 45 की उप–धारा (6) के उपबन्धों द्वारा आवेदक को वर्जित किया गया है ; या

(ग) आवेदक द्वारा धारा 45 के अधीन निर्देश करने के लिए कोई पर्याप्त कारण नहीं दर्शाया गया है।

(2) प्राधिकारी उस आवेदन को ग्रहण करने से इनकार कर सकता है, जिसके साथ पर्याप्त स्टॉम्प नहीं लगाई गई है अथवा अन्यथा से अधूरा है और, यदि वह इस प्रकार इनकार करता है, तो उसे त्रुटियां दर्शाते हुए तुरन्त वापिस करेगा। यदि उपरोक्त त्रुटियां दूर करने के बाद, आवेदन दौबारा प्रस्तुत किया जाता है, तो प्रस्तुत करने की तिथि को धारा 45 की उप–धारा (6) के प्रयोजन के लिए प्रस्तुत करने की तिथि समझा जाएगा।

पक्षकारों की उपस्थित

53. (1) यदि आवेदन को ग्रहण किया जाता है, तो प्राधिकारी, नियोक्ता को विनिर्दिष्ट तिथि को सभी सुसंगत दस्तावेजों तथा गवाहों, यदि कोई हों, के साथ उसके सम्मुख उपस्थित होने के लिए प्ररूप –IX में नोटिस देते हुए उसे बुलाएगा और इस प्रकार विनिर्दिष्ट तिथि के बारे में आवेदक को भी सूचित करेगा।

(2) यदि नियोक्ता या उसका प्रतिनिधि विनिर्दिष्ट तिथि को उपस्थित होने में असफल रहता है, तो प्राधिकारी सुनवाई कर सकता है और आवेदन को एकपक्षीय निर्धारित कर सकता है।

(3) यदि आवेदक विनिर्दिष्ट तिथि को उपस्थित होने में असफल रहता है, तो प्राधिकारी आवेदन को खारिज कर सकता है :

परन्तु उप–नियम (2) तथा (3) के अधीन पारित किसी आदेश को अपास्त किया जा सकता है और उक्त आदेश की तिथि से एक मास के भीतर उपयुक्त कारण दर्शाने पर आवेदन पर सुनवाई के लिए नियत तिथि के बारे में विरोधी पक्षकार को नोटिस तामिल करते हुए पुनः सुनवाई की जा सकती है।

कार्यवाहियों का रिकार्ड

54. (1) प्राधिकारी प्ररूप 8 में सभी मामलों के विवरण दर्ज करेगा और आदेश पारित करते समय प्ररूप पर तिथि सहित हस्ताक्षर करेगा।

(2) उस मामले में जहां कोई अपील की जानी नहीं बनती है, तो उसे रिकार्ड में रखना आवश्यक नहीं होगा।

(3) उस मामले में, जहां कोई अपील की जानी बनती है, तो प्राधिकारी साक्ष्य का सार लिपिबद्ध करेगा और इसे हस्ताक्षराधीन आदेश या निर्देश रिकार्ड के साथ संलग्न करेगा।

प्ररूपों पर हस्ताक्षर

55. कोई प्ररूप, जो इन नियमों द्वारा प्राधिकारी द्वारा हस्ताक्षरित किया जाना अपेक्षित है, तो उस द्वारा हस्ताक्षरित किया जाएगा अथवा इस प्रयोजन के लिए उसके निर्देशाधीन और उस द्वारा नियुक्त उसके किसी अधीनस्थ अधिकारी द्वारा उसके निमित्त हस्ताक्षरित किया जाएगा।

शक्तियों का प्रयोग करना

56. धारा 45 की उप–धारा (7) द्वारा प्रदत्त किसी सिविल न्यायालय की शक्तियों का प्रयोग करते हुए प्राधिकारी, तथा अपील प्राधिकारी ऐसे परिवर्तनों सहित, जो प्राधिकारी आवश्यक समझे और जहां अधिनियम और नियमों के उपबन्धों की अभिव्यक्ति के विरोध में है, को छोड़कर सिविल प्रक्रिया संहिता, 1908 (1908 का केन्द्रीय अधिनियम 5) की प्रथम अनुसूची के सुसंगत आदेशों द्वारा प्रक्रिया के संबंध में निर्देशित होगा।

अपील

57. (1) धारा 45 की उप–धारा (2) के अधीन प्राधिकारी द्वारा पारित किसी आदेश से व्यथित कोई व्यक्ति, अधिकारिता रखने वाले अपील प्राधिकारी को प्ररूप–ण्ण् में और प्ररूप में अपीलकर्ता द्वारा वर्णित दस्तावेजों सहित धारा 49 की उप–धारा (1) के अधीन अपील दायर कर सकता है।

(2) अपील, धारा 45 की उप–धारा (4) के अधीन किए गए आवेदन पर आदेश के संबंध में आक्षेपों के आधार स्पष्ट रूप से दर्शाते हुए ज्ञापन के रूप में दोहरी प्रति में दायर की जाएगी, जिसकी एक प्रति पर न्यायालय फीस लगाई जाएगी और उक्त आदेश या निर्देश की प्रमाणित प्रति भी साथ लगाई जाएगी।

(3) जब अपील दर्ज की जाती है, तो प्ररूप–XI में प्रतिवादी को नोटिस जारी किया जाएगा।

(4) अपील प्राधिकारी, पक्षकारों को सुनने के बाद और ऐसी आगे जांच, यदि कोई हो, जो यह आवश्यक समझें, करने के बाद, उस आदेश अथवा निर्देश को पुष्ट कर सकता है, परिवर्तित कर सकता है या अपास्त कर सकता है, जिसके विरूद्ध अपील दायर की गई है और तद्नुसार आदेश करेगा।

आदेश और निर्देश किए जाने

58. प्राधिकारी अथवा अपील प्राधिकारी, जैसी भी स्थिति हो, मामले की सुनवाई के बाद या तो तुरन्त या उसके बाद जहां तक यथा संभव यथाशीघ्र से आने वाली तिथि को आदेश या निर्देश करेगा ; और जब आदेश और निर्देश आने वाली किसी तिथि को किया जाता है, तो इस प्रयोजन के लिए तिथि नियत करेगा और जिसका सम्यक् नोटिस पक्षकारों अथवा उनके प्लीडरों को देगा।

दस्तावेजों का निरीक्षण

59. कोई कर्मचारी या कोई नियोक्ता या उसका प्रतिनिधि या निर्देश के लिए आवेदन करने हेतु धारा 45 की उप–धारा (4) के अधीन अनुमत कोई व्यक्ति, किसी मामले, जिसमें वह पक्षकार है और ऐसी फीस, जो विहित की जाए, के भुगतान पर उनकी प्रतियां प्राप्त कर सकता है, प्राधिकारी और अपील प्राधिकारी, जैसी भी स्थिति हो, के पास दायर किए गए किसी आवेदन अपील के ज्ञापन और किन्हीं अन्य दस्तावेजों का निरीक्षण करने के लिए हकदार होगा।

लागत

60. (1) प्राधिकारीअथवा अपील प्राधिकरण लिपिबद्ध किए जाने वाले कारणों हेतु, निर्देश दे सकता है कि इसके सम्मुख लम्बित किसी कार्यवाही की लागत विषय का पालन नहीं करेगीः

परन्तु उक्त लागत जिला विधिक प्राधिकरण के पास जमा करवाई जाएगी और इस प्रभाव की रसीद, प्राधिकारी के पास जमाकर्ता द्वारा रिकार्ड फाइल में प्रस्तुत की जाएगी।

(2) लगाई गई लागत में निम्नलिखित शामिल होगा,–

(i) यायालय फीस के कारण उपगत खर्च ;

(ii) गवाह के लिए निर्वाह धनराशि पर उपगत खर्च ; और

(iii) एक हजार रूपए तक अधिवक्ता फीस बशर्ते कि प्राधिकारी किसी कार्यवाही में अभिलिखित कारणों से पांच सौ रूपए से अनधिक तक फीस कम कर सकता है अथवा पांच हजार रूपए तक फीस में वृद्धि कर सकता है :

परन्तु जहां एक से अधिक अधिवक्ता या एक से अधिक आवेदक या विरोधीकर्ता हैं, तो प्राधिकारी, उपरोक्त शर्त के अध्यधीन सफल पक्षकार या पक्षकारों के लिए ऐसी लागत प्रदान कर सकता है, जो यह उचित समझें :

परन्तु यह और कि प्राधिकारी, यदि इसकी राय में आवेदक गरीब है, तो ऐसी फीस के भुगतान से पूर्णतः या भागतः उसे छूट दे सकता है।

न्यायालय फीस

61. धारा 45 की उप–धारा (2) के अधीन कार्यवाहियों के संबंध में भुगतानयोग्य न्यायालय फीस निम्नानुसार होगी :–

(i) प्रत्येक आवेदन हेतु – गवाह और प्रत्येक गवाह को सम्मन करने के संबंध में पच्चीस रूपए;

(ii) प्रत्येक आवेदन हेतु– वैयक्तिक द्वारा या उसके निमित्त दस रूपए :

परन्तु प्राधिकारी, यदि इसकी राय में आवेदक गरीब है, तो ऐसी फीस के भुगतान से पूर्णतः या भागतः उसे छूट दे सकता है :

परन्तु यह और कि निरीक्षक–सह–सुविधाप्रदाता द्वारा प्रस्तुत किए गए आवेदन के संबंध में कोई फीस प्रभार्य नहीं होगी।

अध्याय 8

प्ररूप, रजिस्टर और मजदूरी पर्ची

रजिस्टर का प्ररूप

62. (1) धारा 19 की उप–धारा (8) में निर्दिष्ट सभी जुर्माने और उनकी वसूलियां, नियोक्ता द्वारा रखे गए रजिस्टर में इलक्ट्रोनिक ढंग से अथवा अन्यथा से प्ररूप – I में दर्ज की जाएंगी।

(2) धारा 21 की उप–धारा (3) में निर्दिष्ट सभी कटौतियां और उनकी वसूलियां, नियोक्ता द्वारा रखे गए रजिस्टर में इलक्ट्रोनिक ढंग से अथवा अन्यथा से प्ररूप – I में दर्ज की जाएंगी।

(3) प्रतिष्ठान का प्रत्येक नियोक्ता, जिसे संहिता लागू है, धारा 50 की उप–धारा (1) के अधीन इलक्ट्रोनिक ढंग से अथवा अन्यथा से प्ररूप–I, प्ररूप–प्टऔर प्ररूप–VII में रजिस्टर रखेगाः

परन्तु जहां कोई प्रतिष्ठान स्थायी रूप से बन्द हो गया है, तो निरीक्षक सह–सुविधाप्रदाता, अपने कार्यालय या ऐसे अन्य स्थान पर, जो नियोक्ता के नजदीक हो, रजिस्टर और रिकार्ड प्रस्तुत करने की मांग कर सकता है।

मजदूरी पर्ची

63. प्रत्येक नियोक्ता, मजदूरी के भुगतान से एक दिन पूर्व धारा 50 की उप–धारा (3) के अधीन कर्मचारियों को इलक्ट्रोनिक ढंग से अथवा अन्यथा से प्ररूप –V में मजदूरी पर्ची जारी करेगा।

धारा 53 की उप–धारा (1) के अधीन जाचं करने की रीति

64. (1) जब धारा 53 की उप–धारा (1) के अधीन नियुक्त अधिकारी (जिसे, इसमें, इसके बाद संबंधित अधिकारी के रूप में निर्दिष्ट किया गया है) के सम्मुख या तो राज्य सरकार द्वारा इस प्रयोजन हेतु प्राधिकृत किसी संबंधित अधिकारी द्वारा या व्यथित किसी कर्मचारी द्वारा या व्यापार संघ अधिनियम 1926/औद्योगिक संबंध संहिता, 2020 के अधीन पंजीकृत किसी ट्रेड यूनियन द्वारा या निरीक्षिक–सह–सुविधाप्रदाता द्वारा उक्त उप–धारा में निर्दिष्ट अपराधों के संबंध में कोई अपील दायर की जाती है, तो शिकायतकर्ता द्वारा उसके सम्मुख प्रस्तुत किए गए ऐसे साक्ष्यों पर विचार करने के बाद, संबंधित अधिकारी की राय है कि अपराध किया गया है, तो वह अपराधी को उपस्थित होने के लिए तिथि नियत करते हुए शिकायत में विनिर्दिष्ट उसके पते पर सम्मन जारी करेगा।

(2) यदि अपराधी, जिसको उप–नियम (1) के अधीन सम्मन जारी किया गया है, संबंधित अधिकारी के सम्मुख उपस्थित होता है या प्रस्तुत किया जाता है, तो वह अपराधी को उसके विरूद्ध शिकायत किए गए अपराध के बारे में स्पष्ट करेगा और यदि अपराधी दोष स्वीकार करता है, तो अधिकारी, संहिता के उपबन्धों के अनुसार उस पर शास्ति अधिरोपित करेगा और जब अपराधी दोष स्वीकार नहीं करता है, तो अधिकारी, शपथ पर शिकायतकर्ता द्वारा प्रस्तुत किए गए गवाहों के साक्ष्य लेगा और इस प्रकार प्रस्तुत किए गए गवाहों की प्रतिपरीक्षा का अवसर प्रदान किया जाएगा। संबंधित अधिकारी, शपथ पर गवाहों के कथन और लिखित में प्रतिपरीक्षा का रिकार्ड करेगा और दस्तावेजी साक्ष्य को रिकार्ड में लेगा।

(3) संबंधित अधिकारी, शिकायतकर्ता के साक्ष्य पूर्ण होने के बाद, अपराधी व्यक्ति को बचाव का अवसर प्रदान करेगा और अपराधी द्वारा प्रस्तुत किए गए गवाहों की शिकायतकर्ता द्वारा शपथ पर उसके कथन के बाद प्रतिपरीक्षा करेगा और संबंधित अधिकारी बचाव में दस्तावेजी साक्ष्य को रिकार्ड में लेगा।

(4) संबंधित अधिकारी, पक्षकारों को सुनने और मौखिक और दस्तावेजी दोनों साक्ष्यों पर विचार करने के बाद, संहिता के उपबन्धों के अनुसार शिकायत का निर्णय करेगा।

धारा 56 की उप–धारा (1) के अधीन जुर्माना अधिरोपित करने की रीति

65. (1) धारा 56 की उप–धारा (1) के अधीन अपराध का प्रशमन करने का इच्छुक कोई अपराधी व्यक्ति, धारा 56 की उप–धारा (1) के अधीन अधिसूचित राजपत्रित अधिकारी को इलक्ट्रोनिक रूप में या अन्यथा से प्ररूप–VI में आवेदन कर सकता है।

(2) उप–नियम (1) में निर्दिष्ट राजपत्रित अधिकारी, ऐसे आवेदन की प्राप्ति पर स्वयं की संतुष्टि करेगा कि संहिता के अधीन अपराध प्रशमनयोग्य है या नहीं और यदि अपराध प्रशमनयोग्य है और अपराधी व्यक्ति प्रशमन के लिए सहमत है, तो ऐसा अधिकारी, संहिता के अधीन ऐसे अपराध के लिए उपबधिंत ऐसे जुर्माने की पचास प्रतिशत धनराशि के लिए अपराध का समझौता करवाएगा, उक्त धनराशि जारी प्रशमन आदेश में भी विनिर्दिष्ट समय के भीतर अपराधी द्वारा भुगतान की जाएगी।

(3) जहां अभियोजन के संस्थित होने के बाद, अपराध के संबंध में उप–नियम (2) के अधीन समझौता किया गया है, तो अधिकारी उस द्वारा किए गए ऐसे आदेश की प्रति धारा 56 की उप–धारा (6) के अधीन आवश्यक कार्यवाही करने हेतु धारा 53 की उप–धारा (1) में निर्दिष्ट अधिकारी को भेजेगा।

अध्याय– 9
विविध

मजदूरी का समय पर भुगतान

66. जहां कर्मचारी, ठेकेदार के माध्यम से प्रतिष्ठान में नियोजित हैं, तो कंपनी या फर्म या संगठन या कोई अन्य व्यक्ति, जो प्रतिष्ठान का स्वामी है, तो मजदूरी के भुगतान की तिथि से पूर्व उसे या इसे, जैसी भी स्थिति हो, भुगतानयोग्य राशि का भुगतान ठेकेदार को करेगा ताकि कर्मचारियों की मजदूरी का भुगतान, संहिता की धारा 17 के उपबन्धों के अनुसार सकारात्मक रूप से किया जाएगा।

व्याख्या.– इस नियम के प्रयोजनार्थ ''फर्म'' अभिव्यक्ति का अर्थ वहीं होगा, जो उसे भारतीय भागीदारी अधिनियम, 1932 (1932 का केन्द्रीय अधिनियम 9) में दिया गया है।

श्रमजीवी पत्रकारों के लिए तकनीकी समिति

67. राज्य सरकार, श्रमजीवी पत्रकार और अन्य सामाचारपत्र कर्मचारी (सेवा की शर्तें) और प्रकीर्ण उपबन्ध अधिनियम, 1955 (1955 का केन्द्रीय अधिनियम 45) की धारा 9 के खण्ड (च) में यथा परिभाषित श्रमजीव पत्रकारों के लिए संहिता के अधीन न्यूनतम मजदूरी नियत करने के प्रयोजन हेतु, राज्य सरकार को ऐसे नियतन के संबंध में सिफारिश करने के लिए धारा 8 की उप–धारा (1) के खण्ड (क) के अधीन तकनीकी सलाहकार समिति का गठन कर सकती है।

न्यूनतम बोनस के भुगतान हेतु उत्तरदायित्व

68. जहां किसी प्रतिष्ठान में, कर्मचारी ठेकेदार के माध्यम से नियोजित हैं और ठेकेदार संहिता की धारा 26 के अधीन उन्हें न्यूनतम बोनस का भुगतान करने में असफल रहता है, तो संहिता की धारा 43 के परन्तुक में यथा निर्दिष्ट कंपनी या फर्म या

संगठन या अन्य व्यक्ति, कर्मचारियों या किसी पंजीकृत ट्रेड यूनियन या यूनियनों, जिसके कर्मचारी सदस्य हैं, द्वारा दी गई ऐसी असफलता की लिखित सूचना पर और ऐसी असफलता की पुष्टि पर, कर्मचारियों को ऐसे न्यूनतम बोनस का भुगतान करेगा।

निरीक्षण स्कीम

69. (1) संहिता और इन नियमों के प्रयोजनार्थ, राज्य सरकार के अनुमोदन से श्रम आयुक्त द्वारा निरीक्षण स्कीम बनाई जाएगी।

(2) उप–नियम (1) में निर्दिष्ट निरीक्षण स्कीम में, अन्य अवसंरचना के अलावा, प्रत्येक निरीक्षक–सह–सुविधाप्रदाता और प्रतिष्ठान के लिए स्कीम में एक नम्बर विनिर्दिष्ट किया जाएगा।

निरसन या व्यावृत्ति

70. पंजाब न्यूनतम मजदूरी नियम, 1950, पंजाब मजदूरी संदाय नियम, 1937 और पंजाबमजदूरी संदाय (प्रक्रिया) नियम, 1965, हरियाणा राज्यार्थ इसके द्वारा, निरिसत किए जाते हैं :

परन्तु इस प्रकार निरसित उपरोक्त नियमों के अधीन जारी किया गया कोई आदेश अथवा की गई कोई कार्रवाई, इन नियमों के समरूपी उपबन्धों के अधीन किया गया आदेश अथवा की गई कार्रवाई समझी जाएगी।

प्ररूप–I

{देखिए नियम 17, 18 तथा नियम 62}

वेतन, समयोपरी भत्ता, जुर्माना, नुकसान और क्षति के लिए कटौति संबंधी रजिस्टर

प्रतिष्टान का नामः नियोक्ता का नाम ( ):

स्वामी का नामः नियोक्ता पैन/टैन

श्रम पहचान संख्या (एलआईएम)

कर्मचारी रजिस्टर में कम संख्या	कर्मचारी का नाम	पदनाम/विभाग	वेतन के भुगतान की अवधि (मासिक/पाक्षिक/साप्ताहिक/दैनिक/खंड में रेटेड)	वेतन की अवधि से– तक	अवधि के दौरान कार्य किए गए दिवसों की कुल संख्या	कुल ओवर टाइम (काम किए गए घंटे अथवा खंड कामगारों के मामले में उत्पादन)	वेतन की दरें		
							मूल वेतन	मंहगाई भत्ता	भत्ते
1	2	3	4	5	6	7	8	9	10

ओवरटाइम से आय	कृत्यों एवं चूक की प्रकृति, जिसके लिए जुर्माना लगाया गया है।	लगाए गए जुर्माने की राशि	कर्मचारी की लापरवाही अथवा चूक से नियोक्ता को होने वाले नुकसान अथवा हानि	वेतन से कटौती की राशि	भुगतान किए गए वेतन की कुल राशि	भुगतान की तिथि	उपस्थिति	
							तिथि	हस्ताक्षर
11	12	13	14	15	16	17	18	19

कर्मचारी/कर्मकारों को आज कल (भुगतान, चैक/बैंक अन्तरण द्वारा अन्तरित/किया जाता हे। उपरोक्त परिदृश्य को ध्यान मकं रखते हुए , शीर्ष–19 में हस्ताक्षर के विकल्प के तौर पर बैंक अन्तरण विवरण को भी रखा गया है।

प्ररूप– II

{देखिए नियम 48}

{धारा 45 की उप–धारा (5) के अधीन एकल आवेदन}

वेतन संहिता, 2019 (2019 का 29) की धारा 45 की उप–धारा (1) के अधीन नियुक्त प्राधिकारी के समक्ष

.....के लिए क्षेत्र .....

आवेदन संख्या .....20.....का

क, ख, ग (संख्या का उल्लेख करें) और ..... अन्य आवेदक

(संबंधित कर्मचारी अथवा पंजीकृत व्यापार यूनियन अथवा निरीक्षक–सह–सुविधाप्रदाता के माध्यम से)

पता.....

और

.....क्ष, त्र, ज्ञ

पता.....

के बीच

इस आवेदन में निम्नलिखित का उल्लेख किया गया है:

(1) आवेदक जिनका (जिनके) नाम संलग्न अनुसूची में दिए गए हैं, श्री/मैसर्स ....., ...(प्रतिष्ठान) में (कार्य की प्रकृति) में .....से ..... तक (श्रेणी) के रूप में नियुक्त किया गया था/थे/हैं, जो वेतन संहिता, 2019 द्वारा कवर होती है।

(2) प्रतिवादी, वेतन संहिता, 2019 की धारा 2 (1) के अर्थ के भीतर नियोक्ता है/हैं

(3) (क) आवेदक (आवेदकों) को ..... से ..... तक की अवधि के लिए .....रूपये प्रति दिन के हिसाब से इस संहिता के अधीन कर्मचारी (यों) की उनकी श्रेणी (यों) के लिए निर्धारित न्यूनतम मजदूरी की दरों से कम वेतन का भुगतान किया गया है।

(ख) आवेदक (को) को ..... से ..... तक के विश्राम के साप्ताहिक दिनों के लिए ..... रूपये प्रति दिन की मजदूरी का भुगतान नहीं किया गया है।

(ग) आवेदक (को) को ..... से ..... तक की अवधि के लिए समयोपरि दर (रों) पर मजदूरी का भुगतान नहीं किया गया है।

(घ) आवेदक (को) को ..... से ..... तक की अवधि के लिए मजदूरी का भुगतान नहीं किया गया है।

